# यूपीईएस रनवे इनक्यूबेटर का आईआईटी रोपड़ से हुआ करार

देहरादून, 14 सितम्बर, 2023: यूपीईएस रनवे इनक्यूबेटर ने iHUB - AWaDH (कृषि और जल प्रौद्योगिकी विकास हब), आईआईटी रोपड़ के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह माइलस्टोन अत्याधुनिक रिसर्च को आगे बढ़ाने और आंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने की उनकी साझेदारी में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।

यह स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप दोनो संस्थानों को एकजुट करती है, जिसकी मदद से दोनों संस्थान ज्ञान और इनोवेशन आगे बढ़ाने और एडवांस स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ाने के विज़न पे काम करेंगे। एमओयू में अलग-अलग प्रमुख पहलुओं को शामिल किया गया है जो अकादमिक और आंत्रप्रेन्योरियल सेक्टर्स में सकारात्मक परिवर्तन/पॉजिटिव चेंज लाने के प्रति सामूहिक समर्पण को दिखता है। डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस (डीएसटी ) द्वारा स्थापित AWaDH अपनी तरह का पहला इनोवेशन हब है जो कृषि, जल, IoT और ICPS (इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम) के क्षेत्र में R&D का समर्थन करने के लिए है। यह पार्टनरशिप उभरते हुए आंत्रप्रेन्योरियल विचार और बिज़नेस के भविष्य को आकार देगा। यह साझेदारी ग्रांट और इन्वेस्टमेंट के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो नए विचारो के पोषण और विस्तार के प्रति इसके समर्पण को दिखता है। इसके अलावा, यह साझेदारी AWaDH की मदद से यूपीईएस में एक अत्याधुनिक साइबर-फिजिकल सिस्टम (CPS) लैब की



स्थापना में भी सहायता करेगी।

यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला न सिर्फ यूपीईएस बल्कि बाहरी संस्थानों के छात्रों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स के बीच सीपीएस कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगी और उत्तराखंड क्षेत्र में रिसर्च और इनोवेशन को भी बढ़ावा देगी। इसके अलावा, स्टार्टअप्स अपनी टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए प्रयोगशाला के संसाधनों का लाभ उठाने में भी सक्षम होंगे। रनवे इनक्यूबेटर के सीईओ श्री राहुल नैनवाल ने कहा, "हमारा लक्ष्य सहयोगात्मक रिसर्च की संस्कृति को आगे बढ़ाना, टेक्निकल इनोवेशन को बढ़ावा देना और छात्रों और स्टार्टअप दोनों के लिए एक अच्छा वातावरण प्रदान करना है।